श्री शिवचन्द्र झा : उपाध्यक्ष जी, मेरा एक तो संशोधन यह है कि 12 महीने कांटीन्युअस काम करने के बाद 15 दिन की छुट्टी देने का प्राविजन आपने किया है, मैं चाहता हूं कि 15 को 30 बना दिया जाय। सिकनेस और कैजुअल लीव के लिए नाट लेस देन 12 डेज जहां लिखा है उसको 15 कर दिया जाय। इस के बाद जो एम्प्लाई चार महीने तक कांटीन्यूअस काम करता है वह एन्टाइटिल्ड है नाट लेस देन 5 डेज प्रिविलेज लीव, उस को मैं चाहता हूं 7 दिन कर दिया जाय और 1 महीने के बाद 1 दिन का जो कैजुअल लीव है उस को दो दिन का दिया जाय। अभी गोयल जी ने कहा, कान्टीन्युअस जो शब्द है उस का उन्होंने कुछ इंटरपेटेशन ऐसा किया कि 365 दिन लगातार काम करना पड़ेगा। हकीकत में इस विधेयक में जो है उस में किसी भी छुट्टी के दिन वह बन्द रहेगा या और इस तरह की चीजें होंगी तो कांटीन्युअस के अन्दर यह सब छुट्टियां इन्क्लूडेड रहेंगी। आटोमेटिकली यह एक कान्टीन्यूएंस जो है, जो साल में काम करने का समय है वह समझा जायेगा और इसीलिए हम लोग 12 महीने काम करने का मानी यही लगाते हैं। उस में कान्टीन्यूअस का मतलब यह नहीं है कि तीसों दिन या लगातार 365 दिन। जो आम तौर पर चालू चीजें होती

हैं वह उस का मतलब होगा। इसलिए वह विवाद का विषय नहीं है। अब सवाल यह है कि 15 दिन जो आप दे रहे हैं 12 महीने काम करने के बाद यह कम है, इसे 1 महीना करना चाहिये। जो एम्प्लाई साल भर काम कर चुका है उस को एक महीने का प्रिविलेज लीव मिलना चाहिए। सिकनेस और कैजुअल लीव 12 दिन का दे रहे हैं, इस में भी कोताही कर रहे हैं। 12 दिन के बजाय 15 दिन दीजिए। वह ठीक रहेगा। इस के बाद 4 महीने के बाद 5 दिन की छुट्टी देते हैं वह सात दिन की मिलनी चाहिए और एक महीना कांटीन्युअस जो एम्प्लायड है उस को एक दिन के बजाय दो दिन की छुट्टी दीजिये। मैं फिर यह कहना चाहता हूँ, उन्होंने पहली दफा कि माइन्स में ऐसा है पांच घन्टे काम करने के बाद जा कर के आधे घन्टे का इन्टरबल है और माइन्स में जो लेबर कान्फरेंस के फैसले हैं उस के मुताबिक हम काम कर रहे हैं तो मैं कहूंगा कि उस में भी सुधार करना होगा। लेकिन वह बात दूसरी है, उसमें मैं इस समय नहीं जाऊंगा। लेकिन मैं यह पूछना चाहता हूं कि किस बैरोमीटर से, किस स्टैंडर्ड से 12 दिन हो या 2 दिन या 5 दिन हो यह आप ने तोला है। मैं दूसरे बेरोमीटर से देख रहा हूं। जो दूसरे विकसित देश हैं, पूंजीवादी विकसित देश हैं वहां जो आम तौर पर व्यवहार में लाया जाता है, बहुत हद तक आप को मानना होगा कि वह साइंटिफिकली बेस्ड हैं। इसीलिए मेरे संशोधन जो हैं उनको आप मंजूर कर लेंगे तो ज्यादा मीनिंगफुल आपका विधेयक हो जायगा और आप ज्यादा एप्रीशिएट किये जायेंगे।

SHRI S. KUNDU (Balasore) : Unless the word 'continuous' is defined, it will create a lot of confusion. If it is omitted, it will not serve the purpose of the Bill. The expression will wear 'twelve months' and the word continuous employment, will be subjected to interpretation by the courts. In certain enactments, this has been done. If the word 'continuous' means and includes also a small break of two or three days in service or 240 days of employment in a year or includes some leave taken on account of sickness and other things, that has to be clarified. Unless this is clarified in this manner, it will lead to a lot of complications. I do not think it was the intention of the Minister when drafting the Bill that it should be strictly 360 days of continuous service without break and then only the benefit will accrue. In normal circumstances, he must work for one year. But if due to some emergent circumstances he cannot work for two or three days or something like that, that should not be deducted from the total period for the purpose of calculation. I think some sort of liberal interpretation should be given. If under certain circumstances a person has worked for 1240 or 260 days in a year it should be treated as continuous. Therefore, I would request him to bring an amendment to define what is actually meant by "continuous".

श्री कंवर लाल गुप्त : अध्यक्ष महोदय मेरे 4 संशोधन हैं। इस में एक तो यह है कि पेज 3 पर लाइन 23 में 'डेज' के बाद 'सिकनेस और' ऐड कर दिया जाय क्यों कि एक कैजुअल लीव है और एक सिकनेस लीव मैं चाहता हूं कि और हो जाय। दूसरा संशोधन यह है कि पृष्ठ 4 के आखीर में यह कहा है कि यह जितनी छुट्टियां होंगी वह 90 दिन तक जुड़ सकती हैं, उस से ज्यादा नहीं। और तीसरा मैंने यह कहा है जहां यह है कि लीव ऐडमिसिबल अंडर क्लाज डी आफ सब सेक्शन 1 शैल नाट बी क्यूमुलेटेड, उस में से यह "नाट" हटा दिया जाय। शैल बी एक्यूमुलेटेट अप टु 30 डेज, यह होना चाहिए क्यों कि ज्यादा लीव जुड़ना भी ठीक नहीं होगा। जो वर्कर्स हैं काम करते हैं उनको रेस्ट भी चाहिए। अगर कोई वर्कर रेस्ट नहीं लेता तो उस में उतनी एफिशियेंसी नहीं आएगी। तो मैं इतना ही कहूंगा मंत्री महोदय से कि जुड़ना जरूर चाहिए लेकिन मैक्सिमम पीरियड 30 दिन का हो जायगा तो अच्छा है।

श्री मुहम्मद इस्माइल : मुझे यह कहना है कि कानटीन्युअस के बारे में एक्सपीरिएंस यह

[श्री मुहम्मद इस्माइल]

बताता है कि कान्टीन्युअस वर्ड रहेगा और इस का एक्सप्लेनेशन ठीक से नहीं किया जायगा तो जैसे अब तक हैं जो बड़े बड़े एम्प्लायर हैं वह 12 मन्थस का नाम ले कर जब कि ऐक्चुअली 240 डेज़ होना चाहिए लेकिन वह 12 मन्थस के नाम पर बड़ी बड़ी धांधलियां मचाते हैं तो वैसे ही यह शापकीपर्स भी यह कह देंगे कि 12 महीने काम करोगे तब मिलेगा और नहीं तो नहीं मिलेगा। मेरा कहना है कि 12 महीने के माने हैं 240 दिन यह इन को कह दिया जाय तो शाप्स ऐंड एस्टैब्लिशमेंट के मातहत आने वाले मुलाजिमों को यह मालूम हो जायगा कि 240 दिन के बाद हमारा यह अधिकार हो जायगा। यह हर एक मुलाजिम को समझना चाहिए। नहीं तो वह कहेंगे कि 12 महीने सरकार ने लिख दिया है तो 12 ही महीने होगा और उस समय झगड़ा करना पड़ेगा लेकिन वह झगड़ा कर नहीं सकेंगे। तो यह प्रैक्टिकल डिफिकल्टीज हैं जो आएंगी। इसलिए यहां पर 240 डेज़ कर दिया जाय तो अच्छा रहेगा।

**श्री देवेन सेन** : मेरी तीन तरमीमें हैं। नं. 52 और 51 में पृष्ठ 3 पर लाइन 15 के बाद मैंने उसमें आगे और जोड़ने के लिए कहा है। एक तो यह जोड़ना है :

> " (c) to free quarters or fifteen rupees per month as rent in lieu therof."

और दूसरा यह है :

> " (c) to gratuity at the rate of fifteen days wages for every year of service."

मैं समझता हूं कि भारतवर्ष की राजधानी में जो दूकानें हैं यह सब दूकानें बड़े बड़े लोगों की हैं। इन में कोई गरीब दूकानदार हमें नहीं दिखता। एक तो मंत्री महोदय को इस में यह बताना चाहिए था कि दिल्ली में इन दूकानों में कितने कर्मचारी हैं और कितना उस में डाइरेक्ट लेबर है कितना इन्डाइरेक्ट लेबर है। लेकिन इस की कुछ खबर हम लोगों के पास नहीं है। मैं यह इसलिए कहता हूं कि मैं एक मीटिंग में गया था तीन चार दिन पहले। वहां पर मैंने देखा कि एक एक क्वार्टर में दस पन्द्रह आदमी घुसे हुए हैं। वहां पर दूकानदार की तरफ से कोई क्वार्टर्स नहीं दिए गए हैं न तो भारत सरकार की तरफ से हैं न दिल्ली म्युनिसिपल कमेटी की तरफ से हैं। रोज वहां पर गुंडाशाही, चोरी, खून और बलात्कार आदि होते हैं। इसीलिए क्वार्टर्स तो बहुत जरूरी हैं। यह मेरा तजुर्बा है आसनसोल का, यह बहुत जरूरी चीज है। जहां पर क्वार्टर्स दिए गए वहां पर स्टैंडर्ड आफ लिविंग बदलता जा रहा है। वहां पर उन के बच्चे साफ सुथरे कपड़े पहने हुए मिलेंगे और उन की तालीम भी होती है, यह सब चीजें वहां मिलती हैं। इसीलिए क्वार्टर का होना बहुत जरूरी है और क्वार्टर न दिया जा सके तो 15 रुपया दिया जाय रेन्ट। इस के साथ ही मेरा यह कहना है कि ग्रेच्युइटी हो। नहीं तो यहां पर दस ग्यारह वर्ष काम करेगा उस के बाद मालिक निकाल दे तो कहां जायगा ? जो तलब पाता है, वह बचा नहीं सकता है, इस लिये उन को कुछ ग्रेचुइटी मिलनी चाहिये। राजधानी के कर्मचारियों के लिये यह व्यवस्था जरूर होनी चाहिये।

उन के लिये 15 दिन की छुट्टी का प्रोवीजन आपने इस में किया है, मैं चाहता हूं कि यह छुट्टी 30 दिन की जाय। मंत्री महोदय ने यह नहीं बतलाया कि ये सब कर्मचारी दिल्ली के रहने वाले हैं या बाहर के रहने वाले हैं। मैंने देखा है कि ज्यादातर बाहर से आते हैं। उस को यहां क्वार्टर नहीं मिलता है, बाल-बच्चों और बीवी को लेकर यहां नहीं रह सकता है, तो जब 15 दिन की छुट्टी लेकर वह अपनी बाढ़ी को जायगा तो 5 दिन तो उस के आने-जाने में चले जायेंगे, बाल-बच्चों को कैसे देखेगा, बीवी को कैसे सम्भालेगा ? इस लिये

15 दिन की जगह 30 दिन की छुट्टी होनी चाहिये ।

SHRI BHAGWAT JHA AZAD: The provision is that for a service of for a continuous period of 12 months he is entitled to a privilage leave for 15 days. The suggestion of some of the hon. Members is that this word "continuous" should be removed. It is nothing unusual that we have done in this Bill. This word "continuous" exists in the previous Acts and also in the other Acts which are in vogue in the labour field.

Shri Kundu asked for the meaning of this word "continuous", and enquired whether it means that if the employee falls sick for two, three or five days, his service will be counted as non-continuous. No, because he has got, apart from this privilege leave, sick leave also. That will not be considered as a broken period. Similarly, there are holidays. That will not be taken as any thing like being broken. It only means that when he does not avail himself of the sick leave, or on other grounds which are not justified he remains absent without taking sick leave, then only the service is broken. You will appreciate that if "continuous" is not there, if a man works for two months, and then he resigns and again comes into the same shop and then again goes away for another three months, what happens. So, it is necessary that "continuous" in the normal dictionary meaning should be there to entitle the employee to leave.

Apart from that, it is not that only when he completes the full twelve months that he gets leave. We have said that for every month of service he earns leave. Therefore, the employee has no difficulty if we accept the amendment. I am sorry that the amendments to this effect given by different Members are not acceptable to me.

SHRI S. KUNDU: I entirely agree with your intention which is a noble one. But about the way you put it, I apprehend there will be difficulties. If you say that even for leave and sickness and such other things a small break in service would not mean that the service is continuous, why don't you define it and say that "continuous" means a period of 240 days or 260 days? If you did that, your intention would have been incorporated correctly. He will be entitled to these privileges only when he completes twelve months. These are not there before.

SHRI BHAGWAT JHA AZAD: Twelve months are a much better definition than 240 days. There is another amendment also in this regard. The employees are not only entitled to this leave but also weekly rest. So, it will be administratively difficult to count the leave in the way it is counted all the other Acts; it is better to have twelve months rather than 240 days or 250 days. He asks for a definition. But this is the accepted meaning. When he takes leave for sickness, or is on holiday, these terms are completely and very clearly defined in the Labour Acts, and they do not at all mean that the service will be counted as broken service. This is the very simple meaning. Otherwise, it will create complications. Therefore, the present provision would be all right, and so, I am not in a position to accept the amendments.

Than, Shri Shri Chand Goyal said that the word "however" seems to be out of place. To me also, —I know very little of English—it seems to be so, but it has been the advice of legal draftsmen, and I would request Shri Goyal to allow this word "however".

SHRI RABI RAY (Puri): He is also an eminent advocate.

SHRI BHAGWAT JHA AZAD: We have also eminent advocates and I would request one eminent advocate to accept the advice of another eminent advocate.

Therefore, "however" may be allowed to be there.

SHRI SHRI CHAND GOYAL: Who is that legal luminary who suggested however", which makes absolutely no sense?

SHRI BHAGWAT JHA AZAD: I am not an expert in English, but we have taken the advice of the legal draftsman who have years and years of experience. I hope it will not in any way affect the Act also.

[Shri Bhagwat Jha Azad]

Mr. Shiva Chandra Jha Wants to increase the number of days of leave. This is an Act which has an all-India basis. All other State Governments who enacted on this basis and we have been called upon to do it on behalf of Delhi. The days we have given here—privilege leave for 15 days-is the statutory minimum. It is quite reasonable and it is not possible for me to increase the number of days of leave on this account.

I was tempted to accept Mr. Kanwar Lal Gupta's amendment No. 25, but I would request him not to press it because this Bill has already been passed by the Rajya Sabha and already the Delhi Metropolitan Council are very anxious that this Bill should become an Act because they have got some difficulties.

Mr. Deven Sen's amendments Nos. 51 and 52 are laudable but they are beyond the scope of the Act and I cannot accept them.

I hope, Sir, I have explained the position in regard to all the amendments.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shall I put all the amendments together ?

SHRI SHIVA CHANDRA JHA : Amendment No. 21 may be put separately.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is :

"Page 3, line 12,—

*for* "fifteen" *substitute* "thirty". (21)

*The Lok Sabha divided* :

AYES

Division No. 9] 15.33 hrs.

Bhagaban Das, Shri
Daschowdhury, Shri B. K.
Ghosh' Shri Ganesh
Gowda, Shri M. H.
Janardhanan, Shri C.
Jha, Shri Shiva Chandra
Khan, Shri Ghayoor Ali
Khan, Shri Latafat Ali
Kundu, Shri S.
Meghachandra, Shri M.
Menon, Shri Viswanatha
Mohammad Ismail, Shri
Molahu Prasad, Shri
Nambiar, Shri
Patil, Shri N. R.
Ray, Shri Rabi
Satya Narain Singh, Shri
Sen, Shri Deven
Shastri, Shri Ramavatar
Viswanatham, Shri Tenneti
Yadav, Shri Jageshwar
Yadav, Shri Ram Sewak

NOES

Amjad Ali, Shri Sardar
Azad, Shri Bhagwat Jha
Babunath Singh, Shri
Barua, Shri Bedabrata
Basumatari, Shri
Bhandare, Shri R. D.
Bhargava, Shri B. N.
Brahmanandji, Shri Swami
Buta Singh, Shri
Chanda, Shrimati Jyotsna
Chandrakar, Shri Chandulal
Dhuleshwar Meena, Shri
Dinesh Singh, Shri
Gajraj Singh Rao, Shri
Gandhi, Shrimati Indira
Ganesh, Shri K. R.
Ganga Devi, Shrimati
Gavit,, Shri Tukaram
Girja Kumari, Shrimati
Jadhav, Shri Tulshidas
Jamna Lal, Shri
Kasture, Shri A. S.
Kedar Nath Singh, Shri
Kesri, Shri Sitaram
Khan, Shri H. Ajmal
Khan, Shri M. A.
Khan, Shri Zulfiquar Ali
Kotoki, Shri Liladhar
Krishna, Shri M. R.
Kureel, Shri B. N.
Laskar, Shri N. R.
Lobo Prabhu, Shri
Lutfal Haque, Shri
Mahadeva Prasad, Dr.
Mahajan, Shri Yadav Shivram
Marandi, Shri
Master, Shri Bhola Nath
Meena, Shri Meetha Lal
Mishra, Shri Bibhuti
Misra, Shri G. S.
Misra, Shri S. N.

Mohsin, Shri
Muhammad Ismail, Shri M.
Nahata, Shri Amrit
Naik, Shri R. V.
Oraon, Shri Kartik
Pahadia, Shri Jagannath
Parmar, Shri, D. R.
Partap Singh, Shri
Parthasarathy, Shri P.
Patil, Shri Deorao
Patil Shri S. D.
Raj Deo Singh, Shri
Ram, Shri T.
Ram Dhan, Shri
Ram Swarup, Shri
Randhir Singh, Shri
Rao, Shri J. Ramapathi
Roy, Shri Bishwanath
Roy, Shrimati Uma
Sadhu Ram, Shri
Saigal, Shri A. S.
Sant Bux Singh, Shri
Sen, Shri Dwaipayan
Shambu Nath, Shri
Sher Singh, Shri
Shiv Chandika Prasad, Shri
Siddayya, Shri
Siddheshwar Prasad, Shri
Sinha, Shri Mudrika
Snatak, Shri Nar Deo
Sonavane, Shri
Sursingh, Shri
Thakur, Shri P. R.
Tiwary, Shri D. N.
Tiwary, Shri K. N.
Uikey, Shri M. G.
Venkatswamy, Shri G.
Yadav, Shri Chandra Jeet

MR. DEPUTY-SPEAKER : The result of the division is : Ayes : 22; Noes 79.

*The motion was negotived.*

MR. DEPUTY SPEAKER : I will now put the rest of the amendments to the vote of the House.

*Amendments Nos.* 11 to 16, 22 to 28 49, 51 and 52 *were put and negatived.*

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is :

"That clause 7 stand part of the Bill"

*The motion was adopted.*

*Clause 7 was added to the Bill.*

CLAUSE 8. (*Substitution of new section for section 24.*) *Amendment made*

Page 4, line 11,—

*for* "1969" *substitute* "1970". (3)
(*Shri Bhagwat Jha Azad*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is :

"That clause 8, as amended, stand part of the Bill"

*The motion was adopted*

*Clause 8, as amended, was added to the Bill.*

CLAUSE 1.—(*Short title*)

*Amendment made*

Page 1 line 4,—

*for* "1969" *substitute* "1970" (2)

(*Shri Bhagwat Jha Azad*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is :

"That clause 1, as amended, stand part of the Bill"

*The motion was adopted.*

*Clause 1, as amended, was added to the Bill.*

ENACTING FORMULA

*Amendment made*

Page 1, line 1,—

*for* "Twentieth Year" *substitute* "Twenty-first Year"

(*Shri Bhagwat Jha Azad*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is :

"That the Enacting Formula, as amended, stand part of the Bill."

*The motion was adopted*

*The Enacting Formulla, as amended, was added to the Bill.*

*The Title was added to the Bill.*

SHRI BHAGWAT JHA AZAD : Sir, I move :

"That the Bill, as amended, be passed."

MR. DEPUTY-SPEAKER : Motion moved :

"That the Bill, as amended, be passed."

श्री शिव चन्द्र झा : उपाध्यक्ष जी, इस विधेयक को पेश करते हुए मंत्री जी ने कहा कि यह बहुत सिम्पुल और साधारण विधेयक है लेकिन जब इस पर बहस हुई तो उस दौरान उन्होंने भी कबूल किया, कुछ संशोधनों को लेकर कि वह उनको मंजूर करने के लिए टैम्प्टेड हो जाते हैं लेकिन ड्राफ्ट्समैन की वजह से वह वैसा नहीं कर पाये। इस बात से साबित होता है कि बावजूद सिम्पुल होने के यह विधेयक खामियों से खाली नहीं था। किसी भी विधेयक पर यह दावा करना कि यह बिल्कुल परफैक्ट है, में समझता हूं किसी भी मिनिस्टर के लिए उचित नहीं होता है। लेकिन पिछला विधेयक कांट्रेक्ट लेबर का जो पास किया गया उसके मुकाबले में यह इसलिये अच्छा है कि इसमें कोई ऐसी धारा नहीं है जिससे कि सरकार हाल बिल की चीजों को नलीफाई कर दे जैसी कि कांट्रेक्ट बिल में एक धारा थी और जिसकी वजह से वह सारा बिल ही मीनिंगलेस हो जाता है।

इसमें यह अच्छाई है, जहां तक कि सुविधाओं की बात है कि देहली की दुकानों में जो लोग काम करते हैं उनको छुट्टी मिले और दूसरे प्रिविलजेज हों। यह बातें हुई और उसके मुताल्लिक संशोधन पास किया लेकिन एक बात जो श्री देवेन सेन ने उठाई थी उनके क्वार्टर्स के मुताल्लिक उसको में फिर दोहराना चाहता हूं। आम तौर पर दिल्ली में रहने की, आवास की बहुत बड़ी दिक्कत दुकानों के जो कर्मचारी है उनके लिए भी है। इसलिए सरकार को इस पर जरूर विचार करना होगा कि उनके लिए यहां पर क्वार्टर्स की व्यवस्था की जाये। सरकार पहले तो एम्प्लायर्स, दुकानदारों को ही मजबूर करे कि वे अपने कर्मचारियों के आवास की व्यवस्था करें और अगर वे व्यवस्था नहीं करते हैं तो फिर सरकार का यह फर्ज हो जाता है कि उनके रहने के लिए कामन क्वार्टर्स की व्यवस्था करे। यह काम बहुत ही जरूरी है। दिल्ली ही नहीं, बम्बई, कलकत्ता आदि बड़े शहरों की आधी आबादी फुटपाथ पर सोती है तो फिर दिल्ली में दुकानों के जो कर्मचारी हैं वे कहां सोते होंगे, इस बात को आप अच्छी तरह से सोच सकते हैं। फुटपाथ पर सोते हैं जैसे कि बम्बई, कलकत्ता, मद्रास आदि में लोग सोते हैं मैं स्वयं फुटपाथ पर सो चुका हूं इसलिये मुझे उसका तजुर्बा है। लेकिन इस विधेयक में आवास की व्यवस्था का कोई जिक्र नहीं है। इसकी व्यवस्था सरकार को करनी चाहिये।

इसी तरह से जो दुकानों के कर्मचारी हैं उनके खाने पीने की समस्या का सवाल है। जैसा कि कहा गया कि हलवाइयों के यहां उनके खाने की व्यवस्था हो जायेगी लेकिन वह बात नहीं है, इसमें उनके खर्च करने का भी सवाल है जो कि मुनासिब होना चाहिए। मेरा कहना है कि जिस तरह से बम्बई में कार्पोरेशन यानी सिटी एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से मजदूरों के लिये स्क्वायर मील्स की की व्यवस्था की जाती है उसी प्रकार से दिल्ली में भी सरकार की तरफ से तीन चार जगह कार्नर्स स्क्वायर मील्स की व्यवस्था होनी की व्यवस्था होनी चाहिए जहां पर कि दुकानों के कर्मचारियों को उचित दाम पर खाना मिल सके।

इसके अलावा उन कर्मचारियों की सोशल गैदरिंग्ज के लिए व्यवस्था होनी चाहिए। यहां पर हिप्पीज की बहुत भरमार हो गई है और

इस तरह से दूसरे डाइवर्जेन्स हैं जहां पर उनका दिमाग वहक जाता है। इसलिये सरकार को चाहिये कि उनकी सोशल गैदरिंग्ज के लिये हाल्स की व्यवस्था करे। क्वार्टर्स की बात तो अलग है। उसके अलावा उनकी सोशल गैदरिंग्ज के लिए हाल्स की व्यवस्था की सरकार की तरफ से होनी चाहिये। खास तौर पर दुकानों के जो कर्मचारी हैं उनके लिये अलग से सोशल गैदरिंग्ज की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके साथ-साथ उसके लिये लाइब्रेरी की व्यवस्था भी होनी चाहिये। इन सब बातों पर ध्यान देने से मैं समझता हूँ यह विधेयक और भी ज्यादा मतलब वाला होता। वैसे तो जो बातें कही गई हैं मोटे तौर पर हम उनका स्वागत करते हैं।

**श्री बलराज मधोक** (दक्षिण दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, वैसे तो में इस विधेयक का स्वागत करता हूं परन्तु एक आध बात काशन के रूप में कहना चाहता हूं जिन पर केन्द्रीय सरकार को भी और दिल्ली प्रसाशन को भी अमल करना चाहिये। दिल्ली केवल एक शहर ही नहीं है, उस में 250 या 300 गांव भी हैं, बहुत सी छोटी छोटी वस्तियां भी हैं। कुछ भाइयों को इम्प्रेशन है कि दिल्ली के अन्दर केवल बड़ी बड़ी दुकानें हैं। कनाट प्लेस में बड़ी-बड़ी दुकानें हैं लेकिन ऐसी दुकानें भी हैं जहाँ एक आदमी काम करता है और एक उस का सहायक हो सकता है। इस लिये कुछ बड़ी दुकानों का विचार कर के सारे दिल्ली पर इस कानून को लागू करना गलत होगा। आप कुछ अधिकार दिल्ली के कर्मचारियों को दे रहे हैं वह उन को मिलने चाहिये। मगर कई बार एम्प्लायर अपने एम्प्लायीज को एक्स्प्लायट करते हैं, उन के अधिकारों पर डाका डालते हैं, उचित वेतन और सुविधायें उन को नहीं देते। यह ह्यूमन नेचर है, इन्सानी फितरत है कई बार एम्प्लायर भी सोचते हैं कि जो अधिकार आप उन को देने जा रहे हैं उनका लाभ वह क्यों न उठायें। इस के बाद आप ट्रेड यूनियनों को भी बहुत से अधिकार दे रहे हैं। यह भी सच है कि आज एम्प्लायी को केवल एम्प्लायर ही एक्स्प्लायट नहीं करते, ट्रेड यूनियन वाले भी उन को बहुत एक्स्प्लायट करते हैं। आज तो कुछ ट्रेड यूनियनों का काम ही है कि दोनों को एक्स्प्लायट करें। मालिकों से ब्लैक मेल मनी लेते है और एम्प्लायीज से ट्रेड यूनियन मनी लेते हैं।

SHRI S. KUNDU : What ahout the trade union movement which your party has launched ? Tell us your personal experience.

**श्री बलराज मधोक** : ठीक है वह भी करते होंगे। मैं उन को अलग नहीं कर रहा हूं। में कहता हूं कि जो कोई ऐसा करते हैं वह सब निन्दा के पात्र हैं। यह सच है कि ऐसी ट्रेड यूनियन हैं जो यह काम करती हैं।

मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि इस देश में जितनी तेजी से कानून बनते हैं उतनी तेजी से यहां बच्चे भी पैदा नहीं होते। आप यहाँ पर फैमिली प्लैनिंग कर रहे हैं। फैमिली प्लैनिंग कानून बनाने के बारे में भी होनी चाहिये। इस देश में जितने कानून बनते हैं शायद दुनियां में और कहीं नहीं बनते, और इस देश में कानूनों की जितनी अवहेलना होती है उसका भी कोई ठिकाना नहीं है। रूल आफ ला उड़ता जा रहा है। जो कानून स्टैचूट बुक में हैं उन से अमल नहीं होता। दिन दहाड़े कानून तोड़े जाते हैं। सरकार भी एक ओर लैंड ग्रेबिंग को सपोर्ट करती है, अनार्की को सपोर्ट करती है, दूसरी और कानून बनाती है। इस लिये सरकार को सोचना चाहिये कि केवल कानून बनाने से ही काम नहीं चलेगा। कानून के पीछे जो एक मानवीय चीज होती है वह स्पष्ट होनी चाहिये।

यह सोचना कि केवल एक क्लास है, उसी को राइट है जो एक्स्प्लायटेड है, यह भी गलत

[श्री बलराज मधोक]

है। इस देश में एक्सप्लायटर्स भी हैं और एक्सप्लायटेड भी हैं। कोशिश यह होनी चाहिए कि कानून पर ऐसे ढंग से अमल किया जाये कि जो छोटे छोटे लोग हैं, जिन के यहां एक कर्मचारी हैं, एक सहायक है, उन को भी खामख्वाह इन्स्पेक्टर लोग तंग न करें। वास्तव में होना यह चाहिये कि जो ऐसी फैक्ट्रियां हैं जहां पांच कम आदमी काम करते और जो ऐसी फैक्ट्रिया हैं जहां पांच से अधिक लोग काम करते हैं उन के लिये अलग अलग कानून हों। यहाँ डिपार्टमेंटल स्टोर हैं जहां 100-100 आदमी काम करते हैं। उन के लिए अलग नियम होने चाहिएं, ग्रेचुइटी होनी चाहिए। जो ऐसे दूकानदार है जहां एक सहायक है, उस के लिए भी वही कानून लागू किया जाये, यह गलत है।

इस लिये मेरी प्राथना है कि सेंट्रल गवर्नमेंट और दिल्ली ऐडमिनिस्ट्रेशन इस बात को देखे कि कानूनों पर ठीक से अमल हो। कानून तो हम ने बना दिया। अमल उस पर इन्स्पेक्टर को करना होगा। आज इन्स्पेक्टर लोग लोगों को एक्स्प्लायट कर रहे हैं। आप उन को यह सुझायें कि इस कानून का उद्देश्य लोगों की कठिनाईयों में इजाफा करना नहीं, उन को दूर करना है। इस दृष्टि से वह लोग इस पर अमल करें।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना): उपाध्यक्ष महोदय, जो कानून सदन के सामने है मैं उस समर्थन करता हूं लेकिन इस में कुछ खामियां हैं जिन की तरफ माननीय सदस्यों ने अपने संशोधन दे कर सरकार का ध्यान खींचने की कोशिश की है।

मैं यह कहना चाहता हूं कि कर्मचारियों के लिये जो कानून बनाया जा रहा हैं उस को ठीक से अमल में लाया जाये, इस तरफ सरकार का और दिल्ली प्रशाशन का ध्यान जाना चाहिये। अब तक ऐसा होता रहा है कि हमारे देश में, मजदूरों के हक में कर्मचारियों के हक में और किसानों के हक में बहुत से कानून बन रहे हैं, लैंड सीलिंग ऐक्ट बना हुआ है, लेकिन हजारों एकड़ जमीन रखने वाले लोग भी हमारे मुल्क में कम नहीं हैं, जिन के खिलाफ आन्दोलन चल रहा है। मैं आप की मार्फत यह निवेदन करना चाहता हूं की जो कानून दूकान कर्मचारियों के लिये बनाया जा रहा है, या जो संशोधन उन में किया जा रहे हैं, उन पर पूरी तरह अमल होना चाहिये। मैं अपने अनुभव से जानता हूं कि पटना में दूकान कर्मचारी हजारों की तादात में हैं क्योंकि दूकान कर्मचारी संघ में काम करने मुझे वर्षों मौका मिला है। कानून बहुत बहुत बनते हैं, छुट्टियां और दूसरी सहूलियतों के लिये, लेकिन जो बड़े बड़े मालिक हैं वह उन लोगों को तरह-तरह से सताते हैं और कानूनो को अमल में नहीं लाने देते। जो इन्स्पेक्टर होते हैं वे सचमुच मालिकों से पैदा ले कर उन को छोड़ देते है। वे छोटे-छोटे दूकानदारों को सताते हैं चाहे वे कानून मानें या न मानें। यहां पर ऐसी बात नहीं होनी चाहिये।

आप ने खुद देखा होगा कि बड़े-बड़े कानूनों का कारखानेदारों द्वारा उल्लंघन हो रहा है। मैंने शुरु में उन की ओर आप का ध्यान खींचने की कोशिश की। बैंक तो हमारे देश की धरोहर हैं, वे राष्ट्रीय सम्पति हैं, लेकिन बैंक कानूनों का भी उल्लंघन किया जाता है। ट्रेड यूनियन राइट्स के लिये बैंक के लोगों को लड़ना पड़ता हैं। इसके लिये बैंक कर्मचारियों के खिलाफ कारवाईयां की जाती हैं, उन्हें मुअत्तल किया जाता है, जैसा अभी हाल में रिजर्व बैंक की पटना शाखा ने किया। पटना में जो पहले बिहार बैंक था और अब स्टेट बैंक हो गया हैं वहां नेताओ को नौकरी से हटाया गया, मुअत्तल किया गया। रिजर्व बैंक में हमारे 200 लोगों को इस तरह से

नोटिस दी गई । बी० के० मित्रा साहब को ट्रेड् यूनियन ऐक्टिविटीज में लगे होने के कारण, डिमांस्टेशन लीड करने के लिए मुअत्तल किया गया । यह बात दूकान कर्मचारीयों के साथ नहीं होना चाहिये ।

मैं काशन करना चाहता हूं कि यह ऐक्ट सही मानों में लागू हो ताकि जो अधिकार उन लोगों को दिये जा रहे हैं उनसे उनको वंचित न तो आप कर सकें और न दिल्ली ऐडमिनिस्ट्रेशन कर सके, जो कि जन संघ के हाथ में है । मुझे डर है कि जिस तरह से मघोक साहिब बोल रहे थे उस तरह से कहीं गोल माल करने की कोशिश न की जाये ।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आप कर्मचारियों को अपने पांवों पर खड़ा करने की कोशिश करें । आप उनको समझायें कि उनको वही अधिकार हैं जो दूसरों को हैं । उनको और भी सहूलियतें दी जायें जैसे उन्हें सस्ती दर पर गल्ला दिया जाये । इसके लिये हमारे श्रमिक लोग पहले भी बराबर कोशिश करते थे और आज भी करते रहेंगे । उन लोगों के लिये कुछ व्यवस्था होनी चाहिये ।

श्री शिवचन्द्र झा और श्री देवेन सेन ने कहा था कि उन लोगों के लिये आवास की व्यवस्था भी करनी होगी । आखिर क्या वे नारकीय जीवन ही बिताते रहेंगे ? क्या झुग्गी झोपड़ी में ही रहेंगे । यह मंत्री महोदय का काम है कि जो यहां पर आवास मंत्री हैं उनसे बात करके ऐसे लोगों के लिये कोई कालोनी बनवायें ताकि वे वहां रह सकें और समझें कि वे भी आजाद देश में हैं और सरकार उनके लिये सहूलियते दे रही है । वे लोग तनख्वाह कम पाते हैं । आप उनको खाने के लिये आधे घंटे की छुट्टी दे रहे हैं । इसे एक घंटा करें । हम पार्लियामेंट के मेम्बर छः घटे काम करते हैं और छः घंटों में एक घंटे की छुट्टी पाते हैं और वे लोग दस-दस और बारह-बारह घटे काम करते हैं, उनके लिये आप आध घंटे की छुट्टी देते हैं । यह कहां का न्याय है कि कानून बनाने वाले तो एक घंटे की छुट्टी लें और बारह-बारह घंटे काम करने वाले आधे घंटे की छुट्टी लें ?

इन शब्दों के साथ मैं बिल का समर्थन करता हूं और उम्मीद करता हूं कि आप इस कानून को ठीक से लागू करने के लिये पेशकदमी करेंगे ।

**श्री बि० प्र० मंडल** (मधेपुरा): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आप का बहुत अधिक समय नहीं लूंगा, लेकिन चूंकि मैंने एक अमेंडमेंट दिया था और उस को मूव करने के वक्त मैं नहीं था इस लिये थोड़ा समय लेना चाहूंगा ।

मैं सरकार को धन्यावाद देता हूं कि उन्होंने इस बिल को यहां रखा । इस बिल में दूकानों में काम करने वाले मजदूरों को सहूलियत तो दी गई है लेकिन इस बिल को और कम्प्लीट बनाना चाहिये था । जो कस्टमर्स हैं, जो कन्ज्यूमर्स हैं, जिन के बल पर दिल्ली की दूकनें चलती हैं, उन के कुछ ग्रीवान्सेज हैं जिन की ओर मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं ।

दिल्ली शाप इस्टैब्लिशमेंट के मुताल्लिक जो ऐक्ट बना है उसमें दूकानें कब खुलेंगी और कब बन्द होंगी इस के विषय में लिखा है कि सब को उस को मानना होगा । हम देखते हैं कि दिल्ली की दूकाने साढ़े सात बजे बन्द हो जाती हैं । हम पार्लियामेट के मेम्बर छः बजे तक यहां बैठते हैं । उसके बाद जब तक हम बाथ रुम जा कर और स्नान करने के बाद मार्केटिंग करना चाहते हैं तब तक दूकानें बन्द हो जाती हैं । इतवार के दिन दूकानें वैसे ही बन्द रहती है । आप देखें कि दूकानें जो जरूरी

[श्री वि० प्र० मंडल]

चीजों की हैं वे तो सात, साढ़े सात बजे बन्द हो जाती हैं लेकिन हमारे होटल बहुत देर तक खुले रहते हैं। कल टाइम्स आफ इंडिया में आपने होटल राजदूत कि तीन नग्न महिलाओं के चित्र देखे होंगे, कैबरे डांस के। वहा आपने यह छूट दे रखी है कि वे रात दस बजे से स्टार्ट कर सकते हैं और बारह एक बजे तक चलते रह सकते हैं। वहां आपने उनको छूट दे रखी है कि दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करते रहो, उन पर अटैक करते रहो, उन पर जादू फेंकते रहो। मैं चाहता हूं कि गर्मियों में जो आप साढ़े सात बजे दुकानें बन्द करवाते हैं, ऐसा करके आप अगर किसी वैस्टर्न कंट्री की नकल करते हैं ख्वामख्वाह तो वह ठीक नहीं हैं। कम से कम नौ बजे दूकानें गर्मियों में बन्द हों और बीच में आप दो घंटे का रेस्ट दे दें। जाड़ों में वे आठ बजे बन्द हो सकती हैं। कुकिंग गैस और मैडीसिन तक आवश्यक चीज़ों की दूकानें भी साढ़े सात बजे बन्द हो जाती हैं। खान मार्किट मेरी बगल में है, वहां मैंने देखा है कि वे बन्द हो जाती है और सात बजे के बाद गैस सप्लाई नहीं की जाती है और सुबह नौ बजे से पहले दूकान को खोला नहीं जाता है। यह मैं पर्सनल एक्सपैरीमेन्स आपको बता रहा हूं। मैं राबीन्द्र नगर में रहता हूं। एक रात ग्यारह-बारह बजे मैंने अपने नौकर को दवाई लेने के लिए भेजा खान मार्किट में और उसने मुझे आ कर बताया कि मैंडीसिन की सब दूकानें बन्द हैं। अब कोई कनाट प्लेस लेने के लिए जाए। ऐसा नहीं होना चाहिये ......

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** : चौबीस घंटे खुली रहती हैं।

**श्री वि० प्र० मंडल** : आप ठीक हो सकते हैं और हो सकता है कि मेरे नौकर ने आ कर मुझे झूठ कह दिया हो। लेकिन अगर खुली नहीं रहती हैं तो जितनी भी दवाइयों की दूकानें हैं उनके लिए यह लाज़िमी होना चाहिये कि 24 घंटे खुली रहें।

दिल्ली में प्राइसिस में भी बहुत फर्क पाया गया है। भारत में मैंने कहीं नहीं देखा कि एक दूकान में एक प्राइस और बगल वाली दूसरी दूकान में उससे कहीं ज्यादा प्राइस उसी चीज़ की। दस दिन पहले की बात मैं आपको बताता हूं। परसनल एक्सपीरियेंस की बात है। मेरे पास एम्बैसेडर कार है। उसका स्विच खराब हो गया। मैंने ड्राईवर को भेजा और खान मार्किट से वह पच्चीस रुपये का वह पार्ट ले आया। लगवाने से पहले मैंने उसको कहा कि बगल वाली दुकान से भी इसके दाम पूछ आओ। उसने मुझे आ कर बताया कि वहां पर साढ़े उन्नीस रुपये का मिलता है। यही हालत सब्जियों के दामों की है। परवल एक जगह अस्सी पैसे किलो और दूसरी जगह तीन रुपये किलो। यह जो मनमानी चलती है दिल्ली में इसको बन्द किया जाना चाहिये इसको आप कंट्रोल करें। हर दुकानदार को आप कहें कि वह प्राइस लिस्ट का चार्ट रखे। बिल आप अमेंड करें। चार्ट लगाना लाजिमी बनाइये।

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** (हापुड़): जन संघ वालों से कहिये।

**श्री वि० प्र० मंडल** : मैं गरीबों की बात भी कहना चाहता हूं। दिल्ली में छोटे-छोटे बारबर फुटपाथ्स पर बैठ कर बाल बनाते हैं, शेव करते हैं। कमेटी की गाड़ी आती है और उनका उस्तरा या दूसरा सामान ले कर भाग जाती है। कनाटप्लेस में जहां एम्बैसी होटल है वहां एक पान वाला है पंडित जी। वह एक दिन रो रहा था। कारण यह बताया कि कमेटी की गाड़ी आई और पान की दुकान ले कर भाग गई। दो तीन दिन के बाद मैं वहां फिर गया तो उसने बताया कि दस रुपये दे कर सामान

वापिस लाया हूं। इसको आप कंट्रोल करिये। दिल्ली भारत की राजधानी है। यहां इस प्रकार से मनमानी नहीं चलनी चाहिये। दामों में इतना फर्क नहीं होना चाहिये। यह जो एक्सप्लायटेशन है यह ठीक नहीं है। बेचारे विदेशी जिस भाग में जाते हैं दिल्ली के दूकानदार उनको लूट लेते हैं।

मैं सजेस्ट करूंगा कि दिल्ली शाप्स एंड एस्टैबलिशमेंट्स बिल को आप वाइड बनाइये। इस तरह का एक्सप्लायटेशन, इस तरह की बेईमानी, इस तरह जो नग्न नृत्य होटलों में होते हैं, इन सबको रोकने की व्यवस्था आप करें।

SHRI S. KUNDU: I generally welcome this Bill. After a long time, some of the basic amenities of the workers have been codified here in this Bill which is going to be enacted. I welcôme the privileges which have been given. But I would like to say that the Bill could have been improved much more if only the hon. Minister and taken some time to look into it more closely.

I shall give just one or two instances to illustrate my point. In the parent Act, hours of work or working hours have been defined to mean the time during which the persons employed are at the disposal of the employer. It is a funny definition that you find here. Have you ever heard that the employer determines the hours of work ? I do not know how Shri Bhagwat Jha Azad who came forward to pilot this Bill missed this point. He was very much eloquent when he was going to give a rest after five hours. Unless the main provision relating to hours of work is changed or codified and limited, or you provide that hours of work shall in no case exceed eight hours and so on,' giving rest after 5 hours would not be very much meanginful because the main right is not given.

Similarly, another very peculiar provision that you find is in regard to the definition of 'employee', of 'commercial establishments' and 'establishments' I think the person who drafted this Bill was one who wanted to give just a little but take away more. The definition of 'commercial establishments' as drafted here takes out from the ambit of this Bill hotels, restaurants and such other things because they come under the purview of the Factories Act. But again they say that term 'establishment' includes shops and restaurants and hotels also.

Another funny defin tion is abou 'employee'. Who would be an employee ? An employee is a person discharged or dismissed, whose claims have not been settled in accordance with this Act and a preson employed by any factory but not governed by the Factories Act, 1948. An employee would be a person who is not governed by the Factories Act. And you debar certain establishments because they come within the ambit of the Factories Act, such as hotels and restaurants etc. But have you say that the term establishment, will include restaurants and so on. It will create a lot of complications in interpretation. I am sure some cases must have gone to court, and I do not know the state of those cases.

Therefore, I would plead that some time later, the Delhi Union Territory authorities should bring forward a better Bill.

Again regarding continuous work, I bet with the hon. Minister that unless the word 'continuous' is clarified, these privileges will not be there, because if a person falls sick even for a day, it will be left to the interpretation of the courts and tribunals.; some may take the view that one day's sickness leave is not a break in service; but it will open the flood-gates of interpretations with the result that some may get relief and some may not. I would suggest that you may define continuous work to mean 240 days' work or 260 days' work in a year and less than these days will not be considered continuous. In the absence of such a clarification, what will happen is that unless a person works for all the 365 days in a year, he would not get these privileges, Clearly, nobody can work for all the 365 days in a year. Therefore, the word 'continuously' will deprive the employees of their privileges. I wish

[Shri S. Kundu]
Shri Bhagwat Jha Azad had cared to see how they had defined 'continuous' in the other labour Acts. Otherwise, I do not see any reason why he should not have brought forward a similar definition here.

**16 hrs.**

A very important point has been made. Dethi is a cosmopolitan city, a centre of civilisation. Here we see in hotels that after 10 in the night real democratic socialism starts over pags of whisky? This goes on till 2 or 3 in the morning and then we see nude and semi-nude pictures appearing in the newspapers. I have never seen any report of any police party having raided any of these hotels in the capital. All the big moneyed fellows go hunting after these places. Some of the workers engaged in these establishments are coerced. I had occasion to read of raids on such hotels in other cities but not in Delhi. Here it is encouraged by the system. This is something horrible and I think steps must be taken to put a stop to it. Otherwise, it will completely disrupt and degrade the general standard of our moral values.

**श्री रणधीर सिंह** (रोहतक) : उपाध्यक्ष महोदय, श्री भागवात झा आजाद जैसे खुद प्राग्रेसिव हैं, वैसा ही प्राग्रेसिव उन्होंने बिल रखा है। इतना इच्छा बिल लाने के लिए मैं उनको बधाई देता हूं। लेकिन हम देखते हैं कि बिल पास हो जाते हैं, लेकिन फिर वे डेड लेटर बन जाते हैं और इम्पलीमेंट नहीं होते हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि इस कानून को पूरी तरह से, विगोरसली और रिगोरसली इम्प्लीमेंट किया जाये। यह बड़ी अच्छी बात है कि इस बिल में वर्किंग आवर्ज, छुट्टियों, सैलेरीज, यूनिफार्म्ज और रेजिडेंस वगैरह का प्राविजन किया गया है लेकिन इन प्राविजन्ज पर अमल किया जाना चाहिए। वर्किंग आवर्ज मुकर्रर किये गये हैं, लेकिन यह देखना चाहिए कि एम्पलाईज से कितना काम लिया जाता है। हम रोज देखते हैं कि दुकानें तो बन्द है, लेकिन अमली तौर पर वह खुली हुई है और एम्पलाईज को काम करना पड़ता है।

श्री मंडल ने बिल्कुल ठीक कहा हैं वर्किंग आवर्ज की वजह से कुछ तकलीफें भी हैं। आम कनज्यूमर्ज को कई दफा 7 बजे के बाद कुछ खरीदने में बड़ी दिक्कत होती है ; मिनिस्टर साहब देखें कि क्या रूल्ज में वर्किंग आवर्ज के एक्सटेंशन का कुछ प्राविज़न किया जा सकता है, ताकि जेवविन केसिज़ में जो तक्लीफ़ होती है, उसको दूर किया जा सके।

न सिर्फ दिल्ली में, बल्कि हर बड़े शहर में, लाखों लोगों को पटरियों पर सोना पड़ता है। सर्दियों में दर्जनों आदमियों की मौत हो जाती है। मैंने अपनी आंखों से कई लाशें देखी हैं। इस बिल से जितने लोगों को फायदा पहुंचेगा, उससे कई गुना ज्यादा लोगों को इससे कोई फायदा नहीं पहुंचेगा। कल श्री शशि भूषण ने घरों में काम करने वाले नौकरों का जिक्र किया था। एम० पीज० और दूसरे लोगों के रसोइये वगैरह प्राईवेट नौकर हैं। इसके आलावा स्कूटर ड्राइवर, मोटर ड्राइवर और ठेला ड्राइवर वगैरह भी हैं, जिनको तन्ख्वाह कम मिलती है, लेकिन उनके दस्तखत ज्यादा तन्ख्वाह दिखा करा लिये जाते हैं। उनके मालकान ने अपने घर के लाज़ बना रखे हैं। देहात में भी मजदूर और हरिजन वगैरह कितने ही लोग हैं, जो इस कानून के एम्बिट में नहीं आते हैं। मिनिमम वेजिज़ एक्ट तो है, लेकिन उसको लागू कौन करता है ?

यह बिल तो काम्प्रिहैंसिव नहीं है। इस लिए मिनिस्टर साहब आगे चल कर ऐसा ही एक और बिल लायें, ताकि जो बड़ी भारी मैजारिटी इस बिल से फायदा नहीं उठा पायेगी, उसको फायदा पहुंच सके और सोशलिज्म के बेसिस पर एक प्राग्रेसिव सोसायटी बनाने का हमारा मकसद पूरा हो सके।

मैं इस बिल का पुरजोर समर्थन करता हूं।

**श्री मुहम्मद इस्माइल** (बैरकपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, कल जब मैं इस बिल पर

बोल रहा था, तो हाउस एडजार्न हो गया। उसके बाद मुझे अपनी बात पूरी करने का मौका नहीं मिला।

**श्री भागवत झा आजाद** : माननीय सदस्य बाहर चले गये थे।

**श्री मुहम्मद इस्माइल** : मैं बाद में वापिस आ गया था।

इस बिल के बारे में हमने मंत्री महोदय का वक्तव्य सुन लिया है और जो एमेंडमेंट किया जाना था, वह हो गया है। इस तरह के और कानून जिस मकसद को लेकर बनाये गये हैं, वह मकसद कामयाब नहीं हुआ है। सरकार की तरफ से उन कानूनों के वर्किंग के बारे में पालियामेंट के मेम्बरों को कोई इनफ़ार्मेशन भी नहीं दी जाती है। जैसे मोटर ट्रांसपोर्ट ऐक्ट और बोनस ऐक्ट वगैरह का क्या असर हुआ है, उनसे कितने लोगों को फायदा पहुंचा है इस बारे में कोई भी इनफार्मेशन पालियामेंट के मेम्बरों को नहीं दी जाती है, लेकिन उनमें एमेंडमेंट कर दिये जाते हैं। हमने देखा है कि वर्कर्ज ने जो कुछ लड़ कर ले लिया, वह तो उन्हें मिल गया; उसके अलावा उन्हें और कुछ नहीं मिल पाया। जो लड़कर अपने अधिकार ले लेते हैं, उन्हें नक्सलाइट कहते हैं। जो लोग कानून के भरोसे बैठे रहते हैं, उन्हें कुछ नहीं मिलता है।

शाप्स एंड एस्टाब्लिशमेंट्स एक्ट 1954 से चल रहा है, लेकिन जिन लोगों के लिये यह कानून बनाया गया है, क्या उनको इससे कोई फ़ायदा हुआ है या नहीं, इस बारे में कोई रिपोर्ट हमारे सामने नहीं है। हमारा तजुर्बा यह है कि शाप्स एंड एस्टाब्लिशमेंट्स एक्ट में जिन छुट्टियों की व्यवस्था की गई है, वे दस परसेंट लोगों को भी नहीं मिलती हैं और जिन लोगों पर यह कानून लागू होना चाहिए, उन पर यह लागू नहीं होता है। हाउस या मंत्री महोदय को पता नहीं कि इस एक्ट का क्या असर हुआ है।

दिल्ली के लिए यह एमेंडिंग बिल आ गया है, लेकिन किसी को पता नहीं है कि दिल्ली में कितनी दुकानें या कर्मचारी हैं। कामर्शल एस्टाब्लिशमेंट्स में कौन-कौन आते हैं? जो मजदूर बिल्डिंग बनाने का काम करते हैं वे किस कानून मातहत आयेंगे? मैं समझता हूं कि जो किसी भी कानून के मातहत नहीं आता है, वह इस कानून के मातहत आना चाहिए, ताकि सब मजदूरों के अधिकारों की रक्षा हो सके। लेकिन इस बिल में ऐसा कुछ नहीं है।

श्री रणधीर सिंह ने टेले वालों और रिक्शा वालों का जिक्र किया है। दुकानों के कर्मचारियों के अलावा लाखों की तादाद में घरों के कर्मचारी भी हैं उनकी जिन्दगी क्या है और उनका भविष्य क्या है, इस बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है।

श्री मधोक ने इस बिल के बारे में कहा है ट्रेड यूनियन वाले लोगों को एक्सप्लायट करते हैं। मुझे तो भरोसा नहीं है कि इस कानून पर ठीक तरह से अमल होगा। इस का कारण यह है कि हम कानून तो मजदूरों और गरीबों के नाम पर बनाते है, लेकिन उन से फायदा पहुंचता है अमीरों को। शाप्स एंड एस्टाब्लिशमेंट्स डिपार्टमेंट एक करप्शन का डिपार्टमेंट है। उस के लोग किसी छोटे दुकानदार पर जुल्म कर के लेते हैं और किसी से दूसरे तरीके से लेते हैं। मैं अपने प्रान्त और तीन चार और प्रान्तों के बारे में कह सकता हूं कि यह डिपार्टमेंट एक करप्शन का डिपार्टमेंट है। उस के द्वारा छोटे छोटे दुकानदारों को हैरास किया जाता है और मजदूरों को उन के अधिकारों से वंचित किया जाता है। मजदूरों ने जो कुछ लिया है, वह लड़ कर लिया है। अगर सरकार में जरा भी सिंसेरिटी है, तो वह पालिया-

[श्री इस्माइल]

मेंट के मेम्बरों की एक कमेटी सेट अप करे, जो इस बात की एनक्वायरी करे कि शाप्स एंड एस्टाब्लिशमेंट्स एक्ट कैसे काम कर रहा है।

जहां तक दिल्ली का ताल्लुक है, हम लोग अंधेरे में हैं। हमें मालूम नहीं कि कितने लोग इस में आते हैं और कितने लोगों को बेनिफिट मिला है। दुकानदारों को तंग किया जाता है, वर्कर्ज को उन के अधिकार नहीं दिये जाते हैं और करप्शन बढ़ रहा है। उस को इंस्पेक्टर जा कर कह देता है कि तुम एग्जाम्प्ट कैसे होगें यह मैं बता देता हूं, तुम्हारा बचाव कैसे हो मैं बताता हूं। इस में 5 का हैं तो तुम 3 रखो और रात का हैं तो सामने दरवाजा के पीछे दरवाजा रखो और 5 रुपये महीना दिया करो, जब कोई डिफिकल्टी होगी हम आ कर बता देंगे। यह जरनल तौर से हो गया है,. मैं बिलकुल सीरियसली कह रहा हूं। इसलिए मेरा कहना यही है कि सरकार इसकी एन्क्वायरी कराए, लेबर डिपार्टमेंट एन्क्वायरी करा कर रिपोर्ट पेश करें ताकि देश को मालूम हो सके और इससे जिन लोगों का ताल्लुक है उन को मालूम हो सके। उनको क्या मिल रहा है वह भी बोल सकें और छोटे दुकानदारों की अपनी ग्रीवासेज़ क्या है वह भी बता सकें।

**श्री भागवत झा आजाद** : दिल्ली दुकान और स्थापना विधेयक की विषेयता और महता का स्पष्ट प्रमाण यह है कि तृतीय वाचन पर माननीय सदस्यों ने इसमें बहुत जोर शोर से भाग लिया। जिन सात सदस्यों ने इस में भाग लिया सभी ने इस का स्वागत किया। लेकिन साथ साथ उन्होंने इसमें सुझाव भी दिए हैं। इन सुझावों को हम दिल्ली प्रशासन के पास जब कानून का अमल किया जायगा तब वह इसे ध्यान में रखें इस के लिए भेज देंगे। कन्दु साहब ने कहा कि 12 महीने के लगातार कार्य के बाद ही यह छुट्टी मिलेगी, यह आशंका उन्होंने रखी तो ऐसी बात नहीं है। चार महीने के लगातार काम के बाद भी वह पांच दिन की छुट्टी का भागी होता है। यह कान्टीन्युअस के लिए आप ने बताया कि इस की परिभाषा नहीं दी गई है। इस की परिभाषा मूल कानून में भी नहीं थी। हमने यह समझा कि इसकी परिभाषा की आवश्यकता नहीं है। लेकिन सभव है कि जैसा कि माननीय सदस्यों ने बताया कठिनाई हो तो फिर इस पर विचार करेंगे। लेकिन एक बात है कि हम आप से बाजी नहीं लगा सकते। बाज़ी और बेट करना यह आप कर सकते है। हम नहीं कर सकते। बस इतना ही कह कर मैं तमाम सदस्यों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस विधेयक का स्वागत किया है और इसे पूर्ण समर्थन दिया है।

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is :

"That the Bill, as amended, be passed.

*The motion was adopted.*

———

**16.11 hrs.**

## DOCK WORKERS (REGULATIGN OF EMPLOYMENT) AMENDMENT BILL

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD) : Sir, I beg to move :

> "That the Bill further to amend the Dock Workers (Regulation of Employment) Act, 1948, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

As the hon. Members are aware, the parent legislation was enacted in 1948 mainly with a view to reducing the hardship suffered by dock workers due to the casual nature of their employment. The Act empowers